**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे**

राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन

राजधानी शिमला के पीटर हॉफ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन आज से शुरू हो रहा है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा प्रमुख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ नीति निर्माता, नाबार्ड के अध्यक्ष, शिक्षाविद और तकनीक विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसके साथ ही कृषि, डेयरी, ग्रामीण विकास, सहकारी बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रतिनिधि भी एक ही मंच पर जुटेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान सहकारी मेला और फिनटेक कॉरपोरेट प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसमें बैंकिंग तकनीक, डेयरी, कृषि और बागवानी से जुड़े नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे।

**राष्टोय लोक अदालत**

प्रदेश की सभी जिला अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत धन वसूली, श्रम विवाद, बिजली–पानी के मामले, रखरखाव और अन्य समझौता योग्य आपराधिक व नागरिक मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत का उदेश्य न्यायिक प्रकिया को सरल व त्वरित बनाना है।

**केंद्रीय मंत्री दौरा**

केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल में बाढ़ व भू–स्खलन से प्रभावित आपदा क्षेत्रों का दौरा करने के लिए कल से 16 सितंबर के मध्य केंद्रीय मंत्री भेजे जा रहे हैं, जो इस दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित चंबा, मंडी और कुल्लू जिला में हुए भारी नुकसान का जायजा लेंगे और रिपोर्ट तैयार कर केन्द्र सरकार के समक्ष रखेंगे जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास स्थापित करने व राहत कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी।

अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता.................

**दुर्घटना**

शिमला जिला के चौपाल उपमंडल में नेरवा के समीप एक निजी वाहन के खाई में गिरने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रज्जवल और मनोज निवासी गांव दियांडली के रूप में हुई है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

**यूपीआई –सीमा**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यू.पी.आई. पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव 15 सितंबर से लागू होगा।

खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। परन्तु व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मानूसन की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 5 सौ सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 9 सौ 53 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 36 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के मुताबिक 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है और अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

**आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है–**

अमर उजाला का शीर्षक है–**टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी शुरू– बीएस.सी नर्सिंग की सीटें भी बढ़ेगी। दैनिक जागरण और दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है– बल्क ड्रग पार्क को पर्यावरणीय मंजूरी**

हिमाचल दस्तक के शब्द हैं– **दिल्ली पहुंचते ही पी.एम. ने प्रदेश को भेजे 198 करोड़।**

**मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है– आज व कल 10 ज़िलों में घनघोर बारिश का अलर्ट।**